उपलब्धि | संकल्प से सफलता तक की यात्रा, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी के रूप में आज जाने जाते हैं दिव्यांश

# वूशु खिलाड़ी दिव्यांश गुप्ता ने जबलपुर का नाम किया रोशन







**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर के युवा वुशु खिलाड़ी दिव्यांश गुप्ता ने अपने संघर्ष, संकल्प, मेहनत और अनुशासन के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सात वर्ष की छोटी उम्र से वुशु प्रशिक्षण शुरू करने वाले दिव्यांश आज अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी के रूप में पहचाने जाते हैं। दिव्यांश बताते हैं कि वुशु जैसे कठिन मार्शल आर्ट खेल में शुरुआत से ही लगातार संघर्ष करना पड़ता है। गर्मी हो या धूप, हमें रोजाना घंटों प्रैक्टिस करनी पड़ती थी। सुबह और शाम दो से तीन घंटे तक अभ्यास करते थे, क्योंकि प्रतियोगिता में सामने आने वाले खिलाड़ी भी कड़ी मेहनत करके ही आते हैं। खेल में पीछे नहीं रहने के लिए मेहनत जरूरी है।

उन्होंने बताया कि वुशु एक चीनी मार्शल आर्ट आधारित खेल है, जो बाकी खेलों से काफी अलग है। दिव्यांश के अनुसार, इस खेल में खिलाड़ी फाइटिंग के साथ-साथ हथियार चलाना भी सीखते हैं। साथ ही सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग अपने आप हो जाती है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए यह खेल बेहद उपयोगी है।

### कुछ इस तरह मिली सफलता

दिव्यांश ने बताया कि शुरुआती दौर में जबलपुर में प्रशिक्षण सुविधाएं सीमित थीं, लेकिन धीरे-धीरे कोचिंग और तकनीकी ज्ञान बेहतर होता गया। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया और मध्यप्रदेश को कई पदक दिलाए। इसके बाद उनका चयन भारतीय टीम में हुआ। वर्ष 2009 में उन्होंने सिंगापुर में आयोजित वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में भाग लिया। इसके बाद वर्ष 2011 में शंघाई में आयोजित प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिव्यांश ने अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके नाम दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक दर्ज हैं। वर्ष 2025 में चीन में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। हाल ही में उन्होंने वुशू एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित जजिंग सेमिनार भी पूरा किया है।



# क्यूसी, एलपीआर बॉयज और एफ 4 की जीत

▸ स्व. आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए तीन रोमांचक मुकाबलों में क्यू. सी. ने ए8 को, एल. पी. आर. बॉयज ने एफ6 को और एफ4 ने एफ5 को हराकर शानदार जीत दर्ज की है। इन तीनों कड़े मुकाबलों में विजेता टीमों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाया। मैदान पर दर्शकों को तीनों मैचों के दौरान खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली।

### मैचों का रोमांच और खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पहले मैच में क्यू. सी. ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 96 रन बनाए। इसमें क्यू. सी. के विकास ने 22 बॉल में 42 रन की पारी खेली। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए8 की टीम 10 ओवर में 78 रन ही बना सकी। इस प्रकार क्यू. सी. की टीम ने यह मुकाबला 18 रन से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए विकास को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में एफ6 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया तथा 10 ओवर में 74 रन बनाए। मैच की दूसरी पारी में एल. पी. आर. बॉयज की टीम ने मात्र 8.1 ओवर में 79 रन बना दिए। एल. पी. आर. बॉयज के अजय गोंटिया ने 11 बॉल पर 18 रन बनाए एवं गेंदबाजी में 2 विकेट हासिल किए। इस प्रकार यह मुकाबला एल. पी. आर. बॉयज की टीम ने 7 विकेट से जीत लिया। बेहतरीन ऑलराउंड खेल के लिए अजय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में एफ5 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया तथा 10 ओवर में 58 रन बनाए। मैच की दूसरी पारी में एफ4 की टीम ने मात्र 5.1 ओवर में 59 रन बना दिए। एफ4 के अश्विनी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए। इस प्रकार यह मैच एफ4 की टीम ने 9 विकेट से जीत लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए अश्विनी मैन ऑफ द मैच रहे।

### यूनियन कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

इस आयोजन के दौरान यूनियन के आनंद शर्मा, राकेश रंजन, अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र रजक, महेंद्र रजक, जीवन सिंह, दिलीप टेकाम, राम रतन विनोदिया, ज्ञान, लोकेश मीना, प्रकाश, अभिषेक यादव, प्रकाश सिंह, अनुज मिश्रा और चंदन पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्य अतिथि और मैच अधिकारी

मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के एकमात्र दादा साहेब फालके अवार्ड धारक इंटरनेशनल बॉडी बिल्डर राहुल शरीन, एल. पी. आर. खमरिया एस. क्यू. ए. ई. इंटक के जनरल सेक्रेटरी राजकुमार चौधरी, जे. डब्ल्यू. एम. डेलीगेट अनूप डोंगरे, आनंद गोस्वामी, डी. ओ. खमरिया और दयानंद हराले उपस्थित रहे। मैचों में अंपायर की भूमिका आनंद शर्मा, विद्यापति श्रीवास्तव, अनुपम भौमिक, जसवंत रावत, सुधीर सिंह एवं कमलेश तिवारी ने निभाई। वहीं कमेंटेटर की भूमिका ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह एवं सुनील खत्री ने निभाई।

# इनफिनिटी को हरा नर्मदा क्लब फाइनल में

▸ अण्डर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर 27 मई।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में शिवाजी मैदान में आयोजित अण्डर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में नर्मदा क्लब ने इंफिनिटी क्लब को 7 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए इंफिनिटी क्लब ने नर्मदा क्लब को 80 रन का टारगेट दिया। अर्शित ने 18 और अनुराग ने 12 रन बनाए। नर्मदा क्लब से सत्यम और अर्पित ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नर्मदा क्लब ने 12.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 80 रन बनाकर मैच जीत लिया। आदित्य ने 32 और अर्पित ने 25 रन बनाए। इंफिनिटी की तरफ से अथर्व व अर्शित ने एक-एक विकेट लिया।



### अर्पित बने मैन ऑफ द मैच

नर्मदा क्लब के अर्पित को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। सीनियर क्रिकेटर गौरव जनसारी, अंकित यादव और निखिल सिंह द्वारा मैन ऑफ मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 29 मई को सुबह 7:30 बजे से गोलबाजार क्लब और नर्मदा क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा।

# नन्हें स्केटर्स का कमाल, संतुलन और रफ्तार का सीख रहे पाठ

▸ एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के स्केटिंग समर कैंप में 50 लड़कियों सहित 87 प्रतिभागी शामिल

**नवभारत,जबलपुर, 27 मई।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में तरंग प्रेक्षागृह परिसर में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के प्रात:कालीन सत्र में नन्हे प्रतिभागियों को स्केटिंग के दौरान गति और संतुलन के सामंजस्य को सैद्धांतिक व व्यावहारिक रूप से सिखाया जा रहा है। इस समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के कुल 87 बच्चे भाग ले रहे हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या अधिक है। शिविर में 50 लड़कियां और 37 लड़के स्केटिंग की बारीकियां सीख रहे हैं।



### मिल रही है मल्टी-डायमेंशनल ट्रेनिंग

शिविर में बच्चों को केवल सामान्य स्केटिंग ही नहीं, बल्कि इसके विभिन्न एडवांस रूपों का भी कड़ा अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को विभिन्न विधाओं में पारंगत किया जा रहा है। इनमें लॉन्ग जम्प और स्पीड जम्प, रोड रेस और टर्न बैक तकनीक शामिल है। इसके अलावा बच्चों को स्केटिंग करते हुए बास्केटबॉल खेलने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो उनके फोकस और मल्टीटास्किइंग स्किल को मजबूत कर रहा है।

### रोमांच का केंद्र बना तरंग परिसर

तरंग प्रेक्षागृह के पास से गुजरने वाले स्थानीय नागरिक भी बच्चों को छोटे पहियों पर तेजी से दौड़ते और करतब दिखाते देख रुक जाते हैं। बच्चों का यह रोमांचक खेल परिसर में आने-जाने वालों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है।

### कल तक जो खड़े नहीं हो पाते थे, आज दिखा रहे करतब

केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम सहित अन्य पदाधिकारियों ने खेल मैदान का दौरा कर नन्हे स्केटर्स का उत्साहवर्धन किया। महासचिव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह देखना सुखद है कि जो बच्चे कल तक स्केट्स पर ठीक से खड़े भी नहीं हो पाते थे, वे आज शानदार करतब दिखा रहे हैं।' उन्होंने उम्मीद जताई कि बच्चे इसी लगन से स्केटिंग के गुर सीखेंगे।

### बच्चे स्केटिंग में करेंगे उत्कृष्ट प्रदर्शन : प्रशिक्षक

वर्तमान में प्रशिक्षक ऋषभ यादव और अनंत मिश्रा बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। ट्रेनर्स का मानना है कि कुछ ही दिनों के भीतर ये बच्चे स्केटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएंगे।



# हेड क्वार्टर एकेडमी अगले दौर में

**जबलपुर 27 मई।** लाल मैदान संजीवनी नगर गढ़ा में आयोजित स्व. जगदीश बघगिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में हेड क्वार्टर क्रिकेट एकेडमी ने एलीट एकेडमी को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए हेड क्वार्टर एकेडमी ने 20 ओवर में 152 रन बनाये। धैर्य तिवारी ने 75 रन का योगदान दिया। एलीट क्रिकेट एकेडमी की ओर से राघव ने 1 विकेट लिया। जवाब में एलीट क्रिकेट एकेडमी 55 रन पर सिमट गई। आर्यन ने 20 रन बनाए। हेड क्वार्टर क्रिकेट एकेडमी की ओर से सोहन ने 4, अनुष्का ने 2 और वेद ने 1 विकेट प्राप्त किया। मैच के दौरान पूर्व क्रिकेटर विक्रम जनसारी और दीपक त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# स्ट्रेचर के लिए आधार कार्ड की शर्त पर भड़की युवा कांग्रेस

अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर की मांग

मरीजों को बिना शर्त नि:शुल्क दिए जाएं स्ट्रेचर, व्हील चेयर

**नवभारत,जबलपुर।** मेडिकल सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा को ताक पर रखकर लागू किए गए एक अजीबोगरीब नियम के खिलाफ अब विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को स्ट्रेचर उपलब्ध कराने के एवज में आधार कार्ड जमा कराने की अनिवार्यता लागू की गई है, जिसके विरोध में जबलपुर शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सुपरस्पेशलिटी अधीक्षक जितेन्द्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुपरस्पेशलिटी अधीक्षक जितेन्द्र गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि इस पूरी व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए नियमों में तत्काल सुधार कर उचित कदम उठाए जाएंगे।



### ये है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले गंभीर और आपातकालीन मरीजों को वार्ड या उपचार कक्ष तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर तभी दिया जा रहा है, जब उनके परिजन अपना या मरीज का मूल आधार कार्ड काउंटर पर बंधक के रूप में जमा करते हैं। इस अव्यावहारिक व्यवस्था के कारण रोजाना अस्पताल पहुंचने वाले सैकड़ों तीमारदारों को भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। कई बार गंभीर स्थिति में पहुंचे मरीजों के परिजन हड़बड़ाहट में आधार कार्ड लाना भूल जाते हैं, ऐसी स्थिति में कार्ड न होने पर उन्हें स्ट्रेचर देने से मना कर दिया जाता है, जिससे इलाज में जानलेवा देरी हो रही है।

### एक ही परिसर में दो नियम क्यों?

सुपरस्पेशलिटी अधीक्षक जितेन्द्र गुप्ता को सौंपे गए ज्ञापन में युवा कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र कुकरेले और विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह ने अस्पताल प्रशासन की दोहरी नीति पर भी तीखे सवाल उठाए। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र कुकरेले और विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की पुरानी मुख्य अस्पताल बिल्डिंग में स्ट्रेचर या व्हीलचेयर लेने के लिए ऐसी कोई भी शर्त या नियम लागू नहीं है। वहां आने वाले हर जरूरतमंद मरीज को तत्काल और बिना किसी रुकावट के यह सुविधा नि:शुल्क प्रदान की जाती है। ऐसे में एक ही चिकित्सा परिसर के भीतर दो अलग-अलग व्यवस्थाएं चलाना समझ से परे है और यह पूरी तरह से मरीज हितों के विपरीत है। स्ट्रेचर और व्हीलचेयर जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए आधार कार्ड जमा कराने की इस असुविधाजनक व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। अस्पताल आने वाले हर मरीज और उनके परिजनों को बिना किसी नियम या शर्त के नि:शुल्क स्ट्रेचर व व्हीलचेयर मुहैया कराई जाए। इस अवसर पर अभ्युत बाजपेयी, शिशांत सिंह ठाकुर, विक्रम ठाकुर, अभिलाष उपाध्याय, आर्यन बेटियां, लकी केवट आदि उपस्थित रहे।

### गाड़ाघाट हिरन नदी से रेत का अवैध उत्खनन

**जबलपुर।** पाटन पुलिस ने गाड़ाघाट हिरन नदी से रेत का उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्राली में ले जायी जा रही रेत पकड़ी है। पुलिस के मुताबिक नीले रंग के बिना नम्बर की ट्रेक्टर ट्राली में रेत भरकर गाड़ाघाट हिरन नदी से चोरी से पाटन तरफलेकर आ रही थी। सूचना पर नाका नम्बर 2 के पास पाटन तेंदुखेड़ा रोड में दबिश देकर ट्रैक्टर को रोका गया। चालक पुलिस को देकर भाग गया। ट्राली में रेत लोड थी। जिसे जब्त कर लिया गया है।

**स्पेलिंग सुधार सूचना**

मैं PRONOY SENGUPTA S/O KOUSHIK SENGUPTA यह सूचित करता हूं कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं ड्राईविंग लाईसेन्स में मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग KOUSHIK SENGUPTA दर्ज है जो कि पूर्णत: सही है जबकि मेरी अंकसूचियों में मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग KAUSHIK SENGUPTA दर्ज हो गई है जो कि गलत है। अत: मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग नाम को KOUSHIK SENGUPTA ही पढ़ा, लिखा एवं समझा जावें। दिनांक- 26/05/2026

पिता का सही नाम KOUSHIK SENGUPTA
त्रुटिपूर्ण नाम-KAUSHIK SENGUPTA
पता- 808, स्नेह नगर खण्डेलवाल किराना वाली गली जबलपुर (म.प्र.) 482002

पहल | वृद्धाश्रम और कुष्ठ आश्रम पहुंचीं सदस्य सचिव

# सुनीं बुजुर्गों और पीड़ितों की पीड़ा, मौसमी फल किए वितरित

**नवभारत, जबलपुर।** समाज के कमजोर, असहाय और उपेक्षित वर्गों तक न्याय और संवेदनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने बाजनामठ के पास स्थित निराश्रित वृद्धाश्रम एवं कुष्ठ आश्रम का भ्रमण कर वहां रह रहे बुजुर्गों और कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनीं।

न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, कार्यपालक अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान सदस्य सचिव ने आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। कई बुजुर्गों ने अपने अकेलेपन, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों और जीवन संघर्षों को साझा किया। वहीं कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों ने भी अपनी दैनिक कठिनाइयों और सामाजिक उपेक्षा की पीड़ा बताई।



सुमन श्रीवास्तव ने सभी को आश्वस्त किया कि राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, परामर्श और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना ही विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध विधिक सहायता संबंधी जानकारी भी दी गई। सदस्य सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर को निर्देश दिए कि आश्रमों में नियमित विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं और जरूरतमंदों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लिफाफा निर्माण जैसे स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को स्नेह और सम्मान स्वरूप मौसमी फलों का वितरण किया गया। फलों के साथ मिला अपनापन कई चेहरों पर मुस्कान ले आया। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त सचिव अरविंद श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी एवं वृद्धाश्रम की अधीक्षिका रेवंदु सिंह भी उपस्थित रहीं।

### कराओके गीत प्रतियोगिता 28 को

माइक महल द्वारा रामनाथ बिल्डिंग इनकम टैक्स ऑफिस भंवरताल गेट नंबर 3 के सामने शाम 5 बजे से कराओके गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में 70 प्रतिभागियों ने भाग लेंगे, जिसमें निर्णायक सुप्रसिद्ध गायिका सुजाता पाल, सोमनाथ बैनर्जी एवं चंडीगढ़ से डॉ रुनल श्रीवास्तव रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को नगद 8 हजार रुपए, द्वितीय को 4 हजार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जादूगर एस के निगम और संयोजक प्रेम वर्मा होंगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर लोककर्म विभाग**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 231 Date-27/05/2026<br>2026_UAD_ 511047_1 | वार्ड क्र. 78 के अंतर्गत इंद्रा नगर में सुनील बाल्मीकि के घर के आगे की ओर बिलपुरा कालोनी में सेन किराना के आगे मनोज पचौरी के घर के आगे एवं विभिन्न स्थानों पर एम-20 एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण एवं नई बस्ती में गंगा चौधरी के घर के आगे बिलपुरा तालाब के पास बिर्जेश ठाकुर के घर के आगे की ओर भूमिया महोल्ला बीना जाटव एवं अन्य स्थलों पर आर.सी.सी. नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>₹.33.60 लाख | 5000/-<br>25201/- | 08/06/2026 |
| 2 | PRO- 231 Date-27/05/2026<br>2026_UAD_ 511047_2 | वार्ड क्र. 78 के अंतर्गत इंद्रा नगर में शंकर सिंह, गंगा मैया भरत आश्रम, बगिया टोला में त्रिवेणी चौधरी, रीवा कॉलोनी में राजकुमार कुशवाहा, बिलपुरा तालाब के पास टी.के.गुहा एवं विभिन्न स्थलों पर एम-20 एवं एम-30 सी.सी सड़क निर्माण एवं बगिया टोला में संतोष महोबिया, सुरेन्द्र पटेल के घर की ओर इंद्रा नगर रीवा कॉलोनी में राजेंद्र पाण्डेय के घर की ओर आर.सी.सी. नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>₹.31.05 लाख | 5000/-<br>23290/- | 08/06/2026 |
| 3 | PRO- 231 Date-27/05/2026<br>2026_UAD_ 511047_3 | वार्ड क्र. 73 के अंतर्गत पुरानी बस्ती में खेरमाई मंदिर से आर.एन.किराना दुकान तक एवं पाटन रोड मुख्य मार्ग से ओम प्रकाश दुबे के घर तक एम-30 सी.सी.सड़क निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>₹.15.33 लाख | 2000/-<br>11498/- | 08/06/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट htts://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**